>

Title : Need to formulate a scheme for the welfare of weavers in the Gaya Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री हरी माझी (गया): मेरे संसदीय क्षेत्र में मानपुर, गया (बिहार) एक सूत्री बुनाई का केन्द्र है। इस क्षेत्र से लगभग 40 हजार लोगों को रोजगार मिलता है। लगभग 5000 पावरलूम एवं 600 हैंडलूम यहां स्थापित है। वर्तमान में सूती धागे की कीमत में लगभग 65 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे यहां के बुनकरों के सामने पूंजी का संकट उत्पन्न हो गया है, जिसके कारण मेरे क्षेत्र के साथ-साथ पूरे बिहार में कपड़ा उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि सूती धागे की कीमत में राहत दिलाने के लिए कृषि क्षेत्र की तरह बुनकरों के विकास के लिए योजना तैयार की जानी चाहिए। कृषि क्षेत्र के बाद रोजगार मुहैया कराने में हमारा टैक्सटाइल क्षेत्र अग्रणी है। साथ ही साथ बुनकरों को 4 प्रतिशत की ब्याज पर कर्ज उपलब्ध कराया जाये ताकि बुनकर अपना उत्पादन सुचारू रूप से चलाते रहे।